दादी का नाम जपले | By Namrata Karwa

दादी का नाम जपले तुझे आसरा मिलेगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा

दुनिया के रिश्ते नातो में ना तेरा कोई अपना
दादी सहारा तेरा बस इनका नाम जपना
सब द्वार बंद होंगे ये दर खुला मिलेगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा

कितना छुपा ले दामन ये देख सब रही है
नेकी बदी को तेरी हर पल ये लिख रही है
जिस दिन हिसाब लेगी उसे क्या जवाब देगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा

दौलत है यो हुकूमत ताक़त हो या जवानी
हर चीज़ मिटने वाली हर चीज़ आणि जानी
ये सब गुरूर एक दिन माटी में जा मिलेगा
दुनिया से दिल लगा के दुनिया से क्या मिलेगा
दादी का नाम जपले ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-namrata-karwa/